





# चेन्नई की प्लेऑफ उम्मीदों पर लगा विराम

## गुजरात ने 89 रन से जीता मैच

## गिल, सुदर्शन और बटलर के धमाके से जीटी ने बनाए 229 रन

**शुभमन गिल ने पूरे किए टी20 में 6000 रन**

**साई सुदर्शन ने 84 रन की विस्फोटक पारी खेली**

**जोस बटलर ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ा**



**अहमदाबाद, 21 मई. आईपीएल 2026 के 66वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराकर उसकी प्लेऑफ की उम्मीदों को लगभग खत्म कर दिया. नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. जवाब में चेन्नई की पूरी टीम 20 ओवर भी नहीं खेल सकी और 140 रन पर सिमट गई.**

गुजरात की जीत के नायक साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर रहे, जबकि गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने सीएसके के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत शानदार रही. कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए तेज साझेदारी कर चेन्नई के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया. गिल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और इस दौरान टी20 क्रिकेट में अपने 6000 रन भी पूरे किए. उन्होंने सुदर्शन के साथ 15वीं बार आईपीएल में 50 से ज्यादा रन की ओपनिंग साझेदारी निभाई. साई सुदर्शन एक बार फिर बेहतरीन लय में नजर आए. उन्होंने 53 गेंदों पर 84 रन की शानदार पारी खेली.जोस बटलर ने मोर्चा संभाला और सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया. जिससे गुजरात का स्कोर 229 रन तक पहुंचाया.

230 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की शुरुआत बेहद खराब रही. मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवरों में सीएसके को बड़े झटके दिए. संजू सैमसन खाता खोले बिना आउट हो गए, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ भी सिर्फ 16 रन बनाकर बोल्ड हो गए. शुरुआती विकेट गिरने के बाद चेन्नई की टीम दबाव से उबर नहीं सकी.

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात बल्लेबाजी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 84 | 53 | 7 | 4 |
| शुभमन गिल | 64 | 37 | 7 | 3 |
| जोस बटलर* | 57 | 27 | 5 | 4 |
| राहुल तेवतिया | 0 | 1 | 0 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 7 | 3 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त** 17, **कुल** 20 ओवर में 229/4

**चेन्नई गेंदबाजी-** मुकेश चौधरी -4-0-36-1, स्पेंसर जॉनसन -4-0-47-1, गुरजापनीत सिंह -4-0-31-0, अंशुल कंबोज -4-0-56-1, नूर अहमद -3-0-41-0, शिवम दुबे -1-0-15-0

| चेन्नई बल्लेबाजी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 0 | 1 | 0 | 0 |
| मैथ्यू शॉर्ट | 24 | 14 | 3 | 1 |
| ऋतुराज गायकवाड | 16 | 7 | 1 | 2 |
| उर्विल पटेल | 0 | 2 | 0 | 0 |
| कार्तिक शर्मा | 19 | 15 | 3 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस | 8 | 10 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे | 47 | 17 | 4 | 4 |
| अंशुल कंबोज | 19 | 8 | 1 | 2 |
| नूर अहमद | 1 | 5 | 0 | 0 |
| मुकेश चौधरी* | 2 | 2 | 0 | 0 |
| स्पेंसर जॉनसन | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 4, **कुल** 13.4 ओवर में 140/10

**गुजरात गेंदबाजी**-मोहम्मद सिराज -3-0-26-3, कगिसो रबाडा -3.4-0-32-3, अरशद खान-2-0-24-0, जेसन होल्डर -2-0-27-0, राशिद खान-2-0-18-3, प्रसिद्ध कृष्णा-1-0-13-0

## फ्रीबर्ग का पहली ट्रॉफी का सपना टूटा

# विला बना यूरोप का नया चैंपियन




**बर्लिन, 21 मई । विला ने यूरोपा लीग फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रीबर्ग को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस्तांबुल के बेसिकटास पार्क में खेले गए मुकाबले में इंग्लिश क्लब ने पहले हाफ में दो गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली और दूसरे हाफ में तीसरा गोल कर जीत सुनिश्चित कर दी।**

इस जीत के साथ एस्टन विला ने यूरोपियन फुटबॉल में नया इतिहास रच दिया, जबकि फ्रीबर्ग का पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया।

फाइनल मुकाबले की शुरुआत बेहद तेज़ रही। दोनों टीमों ने शुरुआत से ही आक्रामक फुटबॉल खेली, लेकिन विला की टीम ज्यादा संतुलित और आत्मविश्वास से भरी नजर आई। शुरुआती मिनटों में मॉर्गन रोजर्स और ओली वॉटकिंस ने फ्रीबर्ग की रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। हालांकि जर्मन क्लब के गोलकीपर नोआ अटुबोलू ने शुरुआती हमलों को रोकते हुए टीम को संभाले रखा।

मैच के शुरुआती 20 मिनट काफी संघर्षपूर्ण रहे। दोनों टीमों के खिलाड़ी गेंद पर कब्जे के लिए लगातार भिड़ते रहे। रेफरी को भी खेल नियंत्रित करने के लिए कई बार सख्ती दिखानी पड़ी। फिलिप ट्रेउ, एमिलियानो बुएंडिया और मैथ्यू कैश को शुरुआती दौर में ही पीला कार्ड दिखाया गया। फ्रीबर्ग ने भी कुछ अच्छे मौके बनाए। 17वें मिनट में निकोलस होफलर ने दूर से शानदार शॉट लगाया, लेकिन गेंद मामूली अंतर से गोलपोस्ट के बाहर निकल गई। यह फ्रीबर्ग का पहले हाफ का सबसे अच्छा मौका था। इसके बाद एस्टन विला ने धीरे-धीरे मैच की रफ्तार अपने नियंत्रण में ले ली। 41वें मिनट में टीम को कॉर्नर से सफलता मिली। मॉर्गन रोजर्स ने शानदार पास यूरी टीलेमैन्स को दिया और उन्होंने बिना समय गंवाए गेंद को गोलपोस्ट के बाएं कोने में पहुंचाकर विला को 1-0 की बढ़त दिला दी। इस गोल के बाद फ्रीबर्ग की टीम दबाव में आ गई।

### आईपीएल में कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आरसीबी | 13 | 9 | 4 | 0 | 18 | +1.065 |
| 2. | जीटी | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | +0.400 |
| 3. | हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | +0.350 |
| 4. | आरआर | 13 | 7 | 6 | 0 | 14 | +0.08 |
| 5. | डीसी | 14 | 7 | 7 | 0 | 14 | -0.5 |
| 6. | पीबीकेएस | 13 | 6 | 6 | 1 | 13 | +0.227 |
| 7. | सीएसके | 14 | 6 | 8 | 0 | 12 | -0.016 |
| 8. | केकेआर | 12 | 5 | 6 | 1 | 11 | -0.038 |
| 9. | एमआई | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.504 |
| 10. | एलएसजी | 13 | 4 | 9 | 0 | 8 | -0.701 |

# अल्काराज चोट से उबरने के बाद मजबूती से करेंगे वापसी



**मैड्रिड, 21 मई स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल को उम्मीद है कि कलाई की चोट के कारण दो ग्रैंड स्लैम नहीं खेल पाने वाले दुनिया के नंबर 2 कार्लोस अल्काराज पहले से भी अधिक मजबूत होकर वापसी करेंगे।**

22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने सर्व्ड विद एंडी रॉडिक पॉडकास्ट पर कहा, 'कार्लोस को लग रहा है कि उन्होंने दो ग्रैंड स्लैम, कुछ मास्टर्स 1000S गंवा दिए, यह एक मुश्किल पल है। लेकिन किसी तरह, अच्छी बात यह है कि उन्हें एक ऐसी चोट लगी है जिससे वह 100 परसेंट ठीक हो जाएंगे अगर वह सही चीजें करते हैं, और मुझे यकीन है कि वह सही चीजें कर रहे हैं।' अल्काराज़ ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर बताया कि वह इस सीजन में क्वींस और विंबलडन में ग्रास-कोर्ट टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि वह ठीक हो रहे हैं लेकिन अभी भी मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। एंडी रॉडिक से बात करते हुए, नडाल ने कहा कि आने वाले टूर्नामेंट से बाहर रहना उनका एक स्मार्ट फैसला था।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया



**डर्बी, 21 मई एलिस कैप्सी ( नाबाद 74 ) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 16 गेंदें शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी।**

इस जीत के साथ इंलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 10 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। सोफिया डंकले (आठ) रन बनाकर आउट हुये। छठें ओवर में ब्री इलिंग ने मैया बाउचियर (पांच) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हीथर नाइट ने एलिस कैप्सी के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिए 43 रन जोड़े। 12वें ओवरम में ब्री इलिंग ने हीथर नाइट (19) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी फ्रेया केम्प ने एलिस कैप्सी के साथ चौथे विकेट लिए अविजित 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने 17.2 ओवरों में तीन विकेट पर 140 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। एलिस कैप्सी ने 51 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 74 रनों की पारी खेली। फ्रेया केम्प ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 31 रन बनाये।

इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने बुधवार देर रात खेले गये मुकाबले टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 136 रनों का स्कोर बनाया। सोफी डिवाइन ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 22 गेंदों का सामना किया और चार चौके और चार छक्के लगाये। मैडी ग्रीन ने (23), ब्रूक हॉलीडे (14) और इसाबेला गेज ने (12) रनों का योगदान दिया। इज़ी शार्प ने 20 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबद 26 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए चार्ली डीन, लॉरेन बेल ने दो-दो विकेट लिये।

### एक नजर में




## बंसोड़ बाहर ; अशिमता ने उम्मीदें ज़िंदा रखीं

**कुआलालंपुर.** भारत की मालविका बंसोड़ गुरुवार को कुआलालंपुर में मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में, डेनमार्क की पूर्व यूरोपियन गेम्स चैंपियन लाइन कजर्सफेल्ट से हारकर बाहर हो गईं। स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में पहला गेम जीतने के बावजूद, महिला सिंगल्स बैडमिंटन रैंकिंग में 51वें स्थान पर मौजूद मालविका बंसोड़, दुनिया की 23वें नंबर की और आठवीं वरीयता प्राप्त डेनिश शटलर से 16-21, 21-8, 21-15 से हार गईं। लेकिन, अशिमता चालिहा ने मलेशिया की गोह जिन वेई – जो दो बार की जूनियर विश्व चैंपियन और 2018 यूथ ओलंपिक्स की स्वर्ण पदक विजेता हैं – को 21-13, 21-16 से हराकर भारत की महिला एकल चुनौती को जीवित रखा।

## डेव भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच बने

**नयी दिल्ली.** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक्स को ध्यान में रखते हुए, भारतीय तीरंदाजी संघ ने गुरुवार को अमेरिका के पूर्व विश्व चैंपियन डेव कजिन्स को मुख्य कंपाउंड तीरंदाजी कोच नियुक्त किया। कंपाउंड तीरंदाजी लॉस एंजेलिस 2028 में अपना डेब्यू करेगी, जहाँ पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा आयोजित की जाएगी। डेव कजिन्स इतिहास के सबसे सम्मानित कंपाउंड तीरंदाजों में से एक हैं और एकमात्र ऐसे तीरंदाज हैं जिन्होंने हर बड़ी वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप स्पर्धा जीती है, जिसमें आउटडोर, इनडोर, फील्ड, 3डी और वर्ल्ड गेम्स शामिल हैं। कजिन्स अगले महीने तुर्की के अंताल्या में होने वाले वर्ल्ड कप स्टेज 3 से दो हफ़्ते पहले भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल होंगे। यह 49 वर्षीय कजिन्स के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय कोचिंग असाइनमेंट होगा; उन्होंने एक कंपाउंड तीरंदाज के तौर पर दो दशकों से भी ज़्यादा समय तक प्रतिस्पर्धी करियर का आनंद लिया है। उन्होंने पहले अमेरिका में क्लबों और राज्य टीमों को कोचिंग दी है। कजिन्स के सामने एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि भारत ने वर्ल्ड कप स्टेज 3 और 4, साथ ही सितंबर में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए एक बिल्कुल नई कंपाउंड टीम चुनी है।




## 2 जून से केन्या में होगी एशियन लीजेंड्स लीग

**नयी दिल्ली.** हाल ही में एक आयोजन के दौरान एशियन लीजेंड्स लीग के दूसरे सीजन का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट 2 जून 2026 से केन्या के नैरोबी स्थित प्रसिद्ध जिमखाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले सीजन को मिली शानदार सफलता को देखते हुए लीग इस बार और भी बड़े स्तर पर वापसी करने जा रही है। 20 ओवर के प्रारूप में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 19 हाई-वोल्टेज मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें विभिन्न एशियाई देशों के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एक मंच पर अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे।कम समय में ही दुनिया के सबसे रोमांचक लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट में शुमार इस लीग को प्रशंसक 'रिटायर्ड खिलाड़ियों का एशिया कप' भी कहते हैं। टूर्नामेंट का सबसे हाई वोल्टेज मुकाबला 6 जून को इंडियन रॉयल्स और पाकिस्तान पैंथर्स के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर पूरे एशिया के प्रशंसक अभी से ही माहौल बनाने में लगे हुए हैं।

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल

# 75वां संस्करण मनेगा कॉमनवेल्थ गेम्स डे



**नयी दिल्ली, 21 मई.** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसूख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 75वें संस्करण को 2030 में अहमदाबाद में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स दिवस के रूप में देश भर में मनाया जायेगा।

देश में 8000 हजार से अधिक स्थानों पर इसे मनाया जायेगा। डॉ. मनसुख मांडविया अहमदाबाद से इस कार्यक्रम की अगुवाई करेंगे। कार्यक्रम में उनके साथ गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी भी होंगे। अहमदाबाद एडिशन, जिसकी थीम 'एक फिटर इंडिया के लिए एक नया आइकन - 2030 तक पेडलिंग' है, में हज़ारों साइकिलिस्ट, युवा वॉलंटियर, एथलीट और फिटनेस के शौकीन लोग एक साथ आकर राष्ट्रीय एकता, स्पोर्ट्स कल्चर और कम्युनिटी पार्टिसिपेशन का शानदार प्रदर्शन देखेंगे।


डॉ. मांडविया ने कहा, 'पूरा देश इस सोच से उत्साहित है कि भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स के 100वें एडिशन को होस्ट करेगा। 24 मई को, हम इसे बहुत बड़े तरीके से मनाने जा रहे हैं ताकि स्पोर्ट्स इकोसिस्टम में सभी लोग - स्पोर्ट्स फैंस, एथलीट, कोच और पूरा स्पोर्टिंग इकोसिस्टम - एक साथ आ सकें और भारत के सीडब्ल्यूजी जीतने का जश्न मना सकें और इसकी तैयारी भी कर सकें।' 'यह युवाओं में जागरूकता पैदा करने और स्पोर्ट्स कल्चर बनाने के बारे में है, इसलिए यह ज्यादातर युवाओं को ध्यान में रखकर मनाया जाने वाला सेलिब्रेशन होगा।



## इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय शामिल

**मुंबई, 21 मई.** पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में होने वाली आगामी ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय को शामिल किया है। उन्होंने हर्ष दुबे की जगह ली है, जिन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज़ के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीमों में पहली बार बुलाया गया है। इस ट्राई-सीरीज़ में श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए टीमें हिस्सा लेंगी, और यह 9 जून से 21 जून, 2026 तक दाम्बुला में खेली जाएगी।

# मेरी प्राथमिकता ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट है : पैट कमिंस



**नयी दिल्ली, 21 मई.** पैट कमिंस ने स्पष्ट कहा है कि कम से कम अगले कुछ वर्षों तक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यह बयान उस चर्चा के बीच आया है, जिसमें कहा जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कुछ बड़े खिलाड़ी आईपीएल से आगे बढ़कर अन्य फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए राष्ट्रीय टीम से दूरी बना सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान कमिंस पहले ही पाकिस्तान और बांग्लादेश के आगामी दौरों से बाहर रहने वाले हैं, क्योंकि उन्हें आईपीएल प्लेऑफ़ में हिस्सा लेना है। उन्हें अगस्त 2026 से अगस्त 2027 के बीच होने वाले 20 (संभवत: 21) टेस्ट मैचों से पहले आराम की भी ज़रूरत है। इसमें भारत में होने वाला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी और इंग्लैंड में होने वाला एशेज भी शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के बड़े खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और बीबीएल दोनों के प्रति प्रतिबद्धता हाल के दिनों में चर्चा का विषय रही है। पांच वरिष्ठ खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट प्रस्तावों से खुश नहीं थे।

## आईपीएल में आज

## कोहली की फार्म और हैदराबाद की बल्लेबाजी होगी आमने-सामने

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा मुकाबला




**हैदराबाद, 21 मई. विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग ताकत के बीच एक ब्लॉकबस्टर मुकाबला शुक्रवार को यहाँ राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में धूम मचाने के लिए तैयार है, क्योंकि आईपीएल 2026 का लीग चरण एक रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है।**

हालाँकि दोनों टीमों ने पहले ही प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई कर लिया है, फिर भी टॉप-टू में जगह बनाने की दौड़ में यह मुकाबला बहुत अहम है, जिससे इस सीज़न के सबसे ज़्यादा इंतज़ार वाले मैचों में से एक में और भी ज़्यादा रोमांच जुड़ गया है। सभी की नज़रें पूरी तरह से कोहली पर टिकी होंगी, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक ज़बरदस्त सीजन खेलकर अपने पुराने रंग में वापसी की है। भारत के पूर्व कप्तान ने 13 पारियों में 54.20 की औसत और 164.74 के स्ट्राइक रेट से 542 रन बनाए हैं, और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुँचने में आरसीबी की शानदार बढ़त की अगुवाई की है।

सालों की अनियमितता और करीबी हार के बाद, बेंगलुरु को इस सीज़न में आखिरकार सही संतुलन मिल गया लगता है, जिसमें उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों यूनिट्स से योगदान मिल रहा है। आरसीबी 18 पॉइंट्स और 1.065 के बेहतरीन नेट रन रेट के साथ इस मुकाबले में उतर रही है, जिससे लीग चरण को टॉप पर खत्म करने के लिए वह पसंदीदा टीम बन गई है। पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर 23 रनों की शानदार जीत के बाद आरसीबी के आत्मविश्वास को एक और बड़ा बढ़ावा मिला। वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए, जबकि कोहली ने 58 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। देवदत्त पडिक्कल के आक्रामक 45 रनों ने बेंगलुरु की बैटिंग लाइनअप की गहराई को और भी ज़्यादा उजागर किया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ भुवनेश्वर कुमार कर रहे हैं। एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि यह अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ हैदराबाद में घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी के तौर पर नहीं, बल्कि आरसीबी के मुख्य गेंदबाज़ के तौर पर वापसी कर रहा है। भुवनेश्वर इस सीजन में असाधारण रहे हैं, और 13 मैचों में 24 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।

हालाँकि, सनराइजर्स हैदराबाद के पास अपने दिन किसी भी विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए काफ़ी ताक़त है। पैट कमिंस की अगुवाई वाली इस टीम ने अपनी रणनीति आक्रामक बैटिंग और निडर इरादों के इर्द-गिर्द बनाई है, खासकर अपने घरेलू मैदान हैदराबाद में, जहाँ ज़्यादा स्कोर वाले मुकाबले अब एक आम बात हो गई है। दक्षिण अफ़्रीकी स्टार हेनरिक क्लासेन एसआरएच की बैटिंग की रीढ़ रहे हैं, जिन्होंने 13 मैचों में 50 से ज़्यादा की औसत से 555 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा ने 200 से ज़्यादा के ज़बरदस्त स्ट्राइक रेट से 507 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया है, जिससे हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बन गई है। एसआरएच ने अपने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पाँच विकेट से हराकर प्लेऑफ़ में अपनी जगह पक्की कर ली। ईशान किशन ने 70 रनों की संयमित पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि क्लासेन के 47 रनों की आक्रामक पारी ने यह सुनिश्चित किया कि हैदराबाद आसानी से लक्ष्य का पीछा कर ले।